बाम्बे हाई में गैस और तेल उत्पादन में वृद्धि के लिये परियोजनाएं

2473. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री महेन्द्र सिंह लाठर :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बाम्बे हाई में गैस एवं तेल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई परियोजना प्रारंभ की है या ऐसी कोई परियोजना प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका (परियोजना की कुल लागत सहित) ब्यौरा क्या है और क्या परियोजना/परियोजनाओं के तहत निर्माण कार्य शुरू हो गया है ;

(ग) यदि हां, तो क्या इन परियोजनाओं के लिये किसी विदेशी कम्पनी/कम्पनियों के साथ कोई समझौता भी हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं में कब तक उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है और वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 1993-94 और 1994-95 के दौरान तेल उत्पादन में कितनी वृद्धि होगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) अनेक तेल/गैस क्षेत्र विकास और पाइपलाइन परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं । इन परियोजनाओं पर लगभग 16,600 करोड़ रुपए का लागत आने की संभावना है । इनमें नीलम, पन्ना, एस-I बालू और दक्षिण हीरा क्षेत्र का विकास, बाम्बे हाई में एल-II और एल-III का अतिरिक्त विकास तथा दो प्रमुख पाइपलाइन परियोजनाएं शामिल हैं । इन परियोजनाओं में से पांच का कार्य समापन के समीप है ।

(ग) और (घ) उपर्युक्त योजनाओं के लिए अपेक्षित सुविधाओं को विदेशी/स्वदेशी ठेकेदारों को टर्न की अवार्ड के आधार पर कार्यान्वित किया जा रहा है । इनमें दक्षिणी कोरिया की/एच एच आई, डा एबू-एन पी सी सी और सामसुंग, जापान की के एच आई-सी आर, बेल्जियम की सोकानार्ड, ओ सी टी जी, इटली की आई एल वी ए और जर्मनी की यूरोपाइप शामिल हैं ।

वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान बम्बई अपतट से कच्चे तेल के उत्पादन के लक्ष्य क्रमश: 15.16 मिलियन टन और लगभग 19.82 मिलियन टन के हैं।

Decrease in Fertilizer capacity due to shortage of natural gas

2474. SHRIMATI KAMLA SINHA: DR. BAPU KALDATE:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the fac that shortage of natural gas has seriously affected Government's plan for major expansion of fertilizer capacity in the country

(b) what measures Government have taken to increase the gas supply to major fertilizer industries in the country; and

(c) the when the additional gas supply scheme will be implemented?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATUFAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) to (c) The Government have initiated a number of short term and medium term meaures to increase the production of natural gas which in-c'udc the participatiori of private parties for the exploration and development of small and medium sized fields and also the import if gas from the Middle East which would increase the availability of gas for all the sectors including the fertilizer sector.